सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-337
15/08/2016

मुख्यमंत्री ने गंगा और उसकी सहायक नदियों में आई बाढ़ का आज एरियल सर्वे किया, एरियल सर्वे के उपरान्त वरीय अधिकारियों को दिये कई निर्देश

पटना, 15 अगस्त 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज अपराह्न में मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह एवं प्रधान सचिव जल संसाधन श्री अरूण कुमार सिंह के साथ गंगा और उसकी सहायक नदियों में आयी बाढ़ का एरियल सर्वे किया। इस क्रम में उन्होंने पटना, वैशाली, छपरा, भोजपुर एवं बेगूसराय जिले का एरियल सर्वे किया।

गंगा, सोन और घाघरा में बढ़े जलस्तर के कारण दियारा क्षेत्र में पानी का फैलाव होने के कारण बड़ी संख्या में बस्तियॉ प्रभावित हुयी हैं और बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन बाधित हुआ है।

हवाई सर्वेक्षण से लौटने के पश्चात मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बैठक कर प्रधान सचिव आपदा प्रबंधन श्री ब्यासजी एवं जिलाधिकारी पटना को निर्देश दिया कि सभी प्रभावित गॉव और टोलों में पर्याप्त नाव की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय। साथ ही दवा एवं आवश्यकतानुसार खाद्य सामग्रियों की आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाय। इसके अतिरिक्त मोबाइल मेडिकल टीम भेजकर बीमार लोगों की सहायता की जाय। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जहॉ कहीं भी आबादी का निष्क्रमण आवश्यक हो तो उन्हें शरण स्थल पर ले जाया जाय एवं राहत केन्द्र चलाये जायें।

मुख्यमंत्री ने प्रधान सचिव आपदा प्रबंधन को निर्देश दिया कि वे 17 अगस्त को पटना एवं वैशाली के जिलाधिकारी तथा सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता के साथ दियारा क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लें और समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

******